# पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उत्तर प्रदेश

6वाँ तल, टावर-4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002
e-mail : tshq@up.nic.in

पत्र संख्याः-टीएससी- 25/2021 / 2357 दिनाँकः 04-12-2023

सेवा में,

समस्त पुलिस आयुक्त,
समस्त जोन/परिक्षेत्र,
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
समस्त प्रभारी, इकाई, उ0प्र0।

**विषयः कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर पदोन्नति के संबंध में।**

महोदय,

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,लखनऊ के पत्र **सं0–पीआरपीबी– चार–15(5)/2022 दिनांक 29 नवम्बर, 2023** में प्राप्त निर्देशानुसार कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर पदोन्नति हेतु 1009 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा द्वारा चयन हेतु **आनलाइन लिखित परीक्षा माह दिसम्बर, 2023 के द्वितीय सप्ताह में जनपद–लखनऊ में कराया जाना प्रस्तावित है,** जिसका विस्तृत विवरण/लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम विज्ञप्ति के माध्यम से उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

इस संबंध में जनपदों/इकाईयों में तैनात कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए अभ्यर्थियों को तकनीकी सेवाएँ, मुख्यालय के स्तर से सूचित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है।

2. अतएव उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित सूची के अनुसार कृपया जनपद/ईकाई स्तर पर तैनात कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए अभ्यर्थियों को सूचित करने का कष्ट करें।

लिखित परीक्षा हेतु अन्य सूचना यथासमय भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

**संलग्नक** : उपरोक्तानुसार।

4/12/2023

**(शहाब रशीद खॉ)**
पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक,
उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र,
उ0प्र0 लखनऊ।

......2

**प्रतिलिपिः** 1 .अपर पुलिस महानिदेशक,स्थापना,उ0प्र0, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2. अपर पुलिस महानिदेशक,तकनीकी सेवायें,उ0प्र0, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3. सदस्य, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,लखनऊ के पत्र सं0–पीआरपीबी–चार–15(5)/2022 दिनांक 29 नवम्बर, 2023 के संदर्भ में प्रेषित।

✓4. प्रभारी वेबसाइट,उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र,लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उपरोक्तानुसार सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

महत्वपूर्ण/समयबद्ध

उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

संख्या: पीआरपीबी–चार–15(5)/2022 दिनांक: नवम्बर 27,2023

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें मुख्यालय,
उ0प्र0, लखनऊ।

विषय– कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रे–बी के पद पर पदोन्नति के सम्बन्ध में।

अवगत कराना है कि कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रे–बी के पद पर चयन वर्ष 2021 एवं 2023 की कुल 1009 रिक्तियों के सापेक्ष पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उपलब्ध कराये गये अधियाचन के क्रम में "उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली, 2011 (यथा संशोधित)" के प्रावधान के अनुसार चयन के अन्तर्गत आनलाइन लिखित परीक्षा माह दिसम्बर, 2023 के द्वितीय सप्ताह में जनपद–लखनऊ में कराया जाना प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण/लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम विज्ञप्ति के माध्यम से बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया–

(1) कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर प्रोन्नति उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से आयोजित विभागीय परीक्षा के आधार पर की जायेगी।

(2) लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। यह कुल 200 अंक की होगी। लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र सामान्य ज्ञान, मानसिक सामर्थ्य, तर्क शक्ति एवं कम्प्यूटर विज्ञान से सम्बन्धित होगा। प्रश्न पत्र का स्तर कम्प्यूटर ग्रेड–ए हेतु न्यूनतम अपेक्षित शैक्षिक योग्यता के अनुसार होगा।

(3) लिखित परीक्षा में न्यूनतम चालीस प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसे अभ्यर्थी जो चालीस प्रतिशत अंक प्राप्त करने में विफल रहते हैं, पदोन्नति के लिये पात्र नहीं होंगे।

(4) सेवा अभिलेख के 50 अंक होंगे जो अभ्यर्थियों को सेवा अभिलेखों के आधार पर अंक निम्नवत प्रदान किये जायेंगे:–

Website (क)– सेवा की कालावधि के लिये अधिकतम 10 अंक होंगे।

(ख)– स्नातक अथवा उससे ऊपर की शैक्षिक योग्यता के लिये अधिकतम 05 अंक एवं शैक्षिक अर्हता के अतिरिक्त तकनीकी कम्प्यूटर कोर्स हेतु 05 अंक (अधिकतम अंक 10)

(ग)– अधिकतम 15 अंकों के अधीन प्रत्येक प्रशिक्षण (तीन दिवस या अधिक अवधि का) के लिये 03 अंक (अधिकतम अंक 15)

(घ)– वार्षिक प्रविष्टि के लिये 15 अंक होंगे (अधिकतम अंक 15)

प्रत्येक वृहद दण्ड के लिये 03 अंक, प्रत्येक लघु दण्ड के लिये 02 अंक और प्रत्येक प्रतिकूल प्रविष्टि और सूक्ष्म दण्ड के लिये 01 अंक काट लिया जायेगा। इस प्रयोजन हेतु पिछले दस वर्षो की सेवा अभिलेखों पर विचार किया जायेगा।

सेवा अभिलेखों का परीक्षण इस दृष्टिकोण से भी किया जायेगा कि क्या अभ्यर्थी को कोई ऐसा दण्ड दिया गया है जो उसे पदोन्नति के लिये अनुपयुक्त ठहराता हो। कोई अभ्यर्थी जिसकी सत्यनिष्ठा गत पांच वर्षो में एक बार भी रोकी गयी हो, पदोन्नति के लिये पात्र न होगा।

3– लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश यथासमय बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। अतः उक्त तथ्यों से प्रश्नगत चयन हेतु समस्त पात्र अभ्यर्थियों को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।

29.11

(डी0के0 ठाकुर)
सदस्य,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

प्रतिलिपि : अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।